# कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, गाजीपुर।

पत्रांक–1526 / 2022–23 दिनांक– 22.09.2022

**–:विज्ञप्ति:–**

शासनादेश विशेष सचिव आयुष अनुभाग–2 पत्रांक संख्या–आ0मि0–110 / 96–आयुष–2–2020–127 / 2016 दिनांक– 19.10.2020 के अनुपालन में योग वैलनेस सेन्टर ईशोपुर जनपद गाजीपुर हेतु योग प्रशिक्षक (01 पद) एवं योग सहायक के (01 पद) पर आबद्धीकरण किये जाने हेतु आवेदन, पूर्ण विवरण तथा शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, (राजकीय होम्योपैथिक कालेज के परिसर में) रौजा, गाजीपुर–233002 के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र, प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक– 10.10.2022 को सांय 5 बजे तक स्वीकार होंगें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उम्र सीमा | योग प्रशिक्षक / योग सहायक हेतु न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक किसी भी उम्र का हो सकता है, स्वस्थ एवं 65 वर्ष तक के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। |
| 2 | योग्यता एवं अनुभव | **(1) योग प्रशिक्षक–**<br>(ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों से साढ़े पाँच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>(बी) 1– बी0ए0 (योग) 03 वर्षीय डिग्री धारक / बी0एस0सी0 (योग) 03 वर्षीय डिग्री धारक / एम0एस0सी0 (योग) / एम0ए0 (योग) डिग्री धारक।<br>2– अनुभव 1 वर्ष।<br>अथवा<br>(सी) 1– पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक।<br>2– अनुभव 2 वर्ष।<br>नोट– कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र, निर्धारित डिग्री / पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने उपरान्त का ही मान्य होगा।<br><br>(2) **योग सहायक–** इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता के उपरान्त योग सेन्टर / नेचुरोपैथी सेन्टर / आयुष चिकित्सालय– जिसमें स्वस्थवृत्त एवं योग से सम्बन्धित क्लीनिक (बहिरंग) में कार्य करने का दो वर्षीय अनुभव हो। |
| 3 | नियुक्ति की अवधि एवं चयन प्रकिया | • नियुक्ति की अवधि एक वर्ष के लिए है।<br>• यह योजना आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है।<br>• अवधि का निर्धारण आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जायेगा।<br>• यह नियुक्ति न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।<br>• इस आबद्धीकरण के सम्बन्ध में अन्य योजनाओं जैसे राष्ट्रीय आयुष मिशन (एन0ए0एम0) द्वारा समय–समय पर जारी एवं प्रचलित निर्देशों के अनुसार ही कार्यवाही की जायेगी। |
| 4 | मानदेय | • योग प्रशिक्षक को एक मुश्त मासिक पारिश्रमिक धनराशि रू0 28350=00 (रू0 अठ्ठाईस हजार तीन सौ पच्चास मात्र) एवं योग सहायक को एक मुश्त मासिक पारिश्रमिक धनराशि रू0 10500=00 (रू0 दस हजार पाँच सौ मात्र) देय होगा। किसी अन्य प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। |
| 5 | कार्यकाल | • योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा स्वीकृत एक वर्ष के लिए अनुबन्धित किये जायेगें।<br>• राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य न्यूनतम 15 दिन का अन्तराल अनिवार्य रूप से रखा जायेगा।<br>• सम्बन्धित योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने की तिथि तक ही अनुबन्ध किया जा सकेगा। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर कार्यकाल स्वतः समाप्त समझा जायेगा। |

नोट–साक्षात्कार हेतु सूचना इस कार्यालय द्वारा पृथक से दी जायेगी।

## अभ्यर्थी हेतु सामान्य निर्देश

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर बन्द लिफाफे में जिस पर "आवेदित पद का नाम" बाहर लिखा हो, केवल पंजीकृत / स्पीड–पोस्ट द्वारा ही स्वीकार होगें।
2. आवेदन पत्र पर स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज की फोटो लगाना अनिवार्य है।
3. आवेदन पत्र के साथ 10×23 सेमी0 के रू0 45–45 के डाक टिकट एवं अभ्यर्थी के पूर्ण पते सहित, दो खुले लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आवेदन पत्र क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, (राजकीय होम्योपैथिक कालेज के परिसर में) रौजा गाजीपुर–233002 के पते पर दिनांक– 10.10.2022 को सांय 5:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. अभ्यर्थी के अर्ह या अनर्ह होने के सम्बन्ध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। अपूर्ण / त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
6. साक्षात्कार के लिए कोई भी यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
7. विज्ञप्ति से सम्बन्धित आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी जिले की वेबसाईट – ghazipur.nic.in तथा कार्यालय के कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

डा0 आनन्द विद्यार्थी
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
गाजीपुर।

# योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें। |
|---|

1. आवेदित पद का नाम–............................................................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम–.................................................................................................................
3. पिता/पति का नाम–..............................................................................................................
4. पता–(क) स्थाई:–...................................................................................................................

   ...........................................................................पिन कोड–..............................................

   (ख) पत्र व्यवहार का पता–.......................................................................................................

   ...........................................................................पिन कोड–..............................................
5. जन्मतिथि–..........................................................................................................................
6. दिनांक–01.09.2022 को आयु (वर्ष.......................माह.............................दिन................................ )
7. मोबाईल नं0 (व्हाट्सएप्प)–............................................ई–मेल आई0डी0................................
8. राष्ट्रीयता–...........................................................................................................................
9. जाति–.................................................................................................................................
10. शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें) –.......................................................

| क0सं0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण किये जाने का वर्ष | बोर्ड अथवा संस्था का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11 अनुभव प्रमाण पत्र (संलग्न करें)

12 सेवा योजन पंजीयन कार्यालय का नाम पंजीकरण संख्या यदि हो तो..................................................
.......

## घोषणा

मै.............................................एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रमाण पत्र एवं प्रविष्टियां मेरी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है, यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाय और मेरे विरूद्ध कार्यवाही भी की जा सकती है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर